स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 23.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र के मतदाताओं से अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग किये जाने के संबंध में एक बैठक लेकर निगम के समस्त जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया था कि वे अपने–अपने प्रभार वाले वार्ड में आम मतदाताओं से संपर्क कर मतदान हेतु जागरुकता अभियान चलावे तथा नागरिकों को शपथ दिलाएं कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे। आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज निगम क्षेत्र के जोन 01, 02, 03, 04, 05, एवं 06 के अंतर्गत सेक्टर–08, गौतम नगर, कौशल नगर उत्तर, पुरैना, बापूनगर, न्यू खुर्सीपार, डुण्डेरा, जोरातराई, रविदास नगर, जुनवानी, सुपेला बाजार, आर्य नगर कोहका, सेक्टर– 06, 10, 07, 04 सहित अन्य वार्डों में भी आम नागरिकों को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। निगम आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किया है कि निरंतर जन जागरुकता का अभियान जारी रखें।

जनसम्पर्क अधिकारी